मेट्रो-3 का काम 45 फीसदी पूरा



महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो परियोजना मेट्रो-3 का काम लगभग 45 फीसदी तक पूरा हो गया है। इस मेट्रो का कार्य कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक चल रहा है जो पूरी तरह से भूमिगत है। 33.5 किमी लंबे इस मेट्रो परियोजना की कुल लागत 23 हजार 136 करोड़ रुपए है। बता दें कि इस परियोजना के पहले चरण का कार्य साल 2012 में आरे से लेकर बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में किया गया था। इसके बाद इसके दूसरे चरण का कार्य बीकेसी से कफ परेड शुरू किया गया। बताया जाता है कि मार्च आखिर तक मेट्रो-3 का कार्य 23.69 किमी तक पूरा हो गया। यही नहीं इसके कुल 32 अंडरग्राउंड कॉरिडोर में से 9 कॉरिडोर का काम भी पूरा हो चुका है। इन अंडरग्राउंड कॉरिडोर को बनाने के लिए जमीन के अंदर 17 टनल बोरिंग डाली गई हैं, जिसमें से मशीन अपना काम पूरा करके वापस बाहर आ गई हैं।